# मोटो जीपी: रफ्तार के बादशाह बने जार्ज मार्टिन

## टिस्टो स्प्रिट 11 लैप्स का जीता खिताब, फ्रेंसिस्को ने दूसरे और मार्क मार्केज ने तीसरे नंबर पर जीत दर्ज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में मोटो जीपी टिस्टो स्प्रिट 11 लैप्स जार्ज मार्टिन ने जीत ली है। इस साथ उन्हेंने यह खिताब जीत लिया, दूसरे नंबर पर फ्रेंसिस्को बगेनिया और तीसरे नंबर पर मार्क मार्केज ने जीत दर्ज की। बाइक रेस इवेंट के दूसरे दिन की शुरुआत होते ही राइडर की बाइक में आग लग गई। हालांकि राइडर बाल-बाल बच गया। भीषण गर्मी तेज उमस के चलते रेस से एक लैप हटा दिया जाएगा, और ग्रांड प्रिक्स रेस को तीन लैप से छोटा कर दिया जाएगा।

वहीं दरअसल शुक्रवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान राइडर को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ा था। जिसके चलते उन्होंने आधिकारिक रूप से संचालक से बात की। जिसके बाद ये निर्णय लिया गया। पहले मोटो-3 में 17, मोटो 2 में 19 में 24 लैप थे।

नए शिड्यूल के तहत टिसोट स्प्रिंटरू 11 लैपस, मोटो3, 16 लैप्स, मोटो2, 18 लैप्स, मोटोजीपी, 21 लैप्स होगा। वहीं, दोपहर में मौसम में बदलाव होने के चलते अचानक बारिश होने लगी। तेज बारिश के चलते ग्राउंड में लगे तब्बू उखड़ने लगे। तकरीबन 45 मिनट तक रेस रुका गया। इस दौरान दूर से मोटो जीपी देखने आए दर्शकों में निराश हुआ। हालाकि बाद में मोटोजीपी की ओर से नया शेड्यूल जारी किया गया। अब शाम साढ़े चार बजे मोटो जीपी टिस्टो स्प्रिट 11 लैप्स शुरु हुई। इसमें जार्ज मार्टिन ने टिस्टो स्प्रिट 11 लैप्स जीती। 53 नंबर डेनिज ऑको टरकिश रेसर है। ये रेड बुल एजीओ की तरफसे रेसिंग करते है। प्रैक्टिस सेशन के लास्ट मिनट में जब उनको रफ्तार बढ़ानी थी। इस दौरान उनको ब्लैक फ्लैग दिखाया गया। इसका मतलब ये है कि उन्हें रेस छोड़नी होगी और वे पिट लेने में वापस आ आए। मोटोजीपी क्वालीफाइंग 2 पूरा हो गया है।

अधिकारियों ने कहा कि इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में रोजाना लगभग 1.5 लाख लोग शामिल होंगे, जिसमें 10000 लोग विदेश से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आएंगे। इसके अलावा, यह इवेंट 200 देशों में प्रसारित किया जाएगा। इवेंट के टिकट 800 रुपए से 1.80 लाख रुपए की कीमत में बेचे जा रहे हैं। रजनी कृष्णन मोटो जीपी में अपने साथियों के साथ पहुंचे हैं। स्पॉन्सर के साथ साथियों को सपोर्ट कर रहे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा, बाइक रेसिंग बहुत महंगा गेम है।

इस गेम के लिए बहुत प्रैक्टिस की जरूरत पड़ती है। एक्सपर्ट से बेहतर समन्वय बनाना होता है। ट्रैक के मोड़ से लेकर बाइक के हैंडल में मजबूत पकड़ के लिए फोकस बहुत जरूरी होता है। एक क्रैश आपकी जेब को हल्का कर सकता है। रजनी ने कहा श्रेस के दौरान ट्रैक पर बाइक का गिरना, माने एक्सीडेंट होना। प्रोफेशनल रेसर के लिए क्रैश होता है। प्रैक्टिस के दौरान भी क्रैश हो सकता है। एक क्रैश में बाइक से लेकर रेसिंग सूट तक को नुकसान होता है। ऐसे में बहुत ज्यादा निवेश की जरूरत होती है। बहुत पैसे लगते हैं। उन्होंने कहा पहले हम रेसिंग सूट की बात कर लें, तो यही बहुत महंगा होता है। करीब 60 हजार रुपए से इसकी शुरुआत होती है। इसकी कीमत भारत में 3 लाख रुपए तक है। यह बाहर से एक्सपोर्ट भी किए जाते हैं। खास किस्म के सूट एक क्रैश के बाद खराब हो जाते हैं। रजनी ने बताया कि राइडर जो सूट पहनता है वो क्रैश के समय राइडर की जान को बचाने के लिए अहम रोल अदा करते हैं। फैक्चर होना, आम बात है, लेकिन किसी तरह के जख्म से बचना बहुत अहम हो जाता है। सूट जख्म से बचाने में कारगर होते हैं। रजनी ने कहा राइडर जो हेलमेट लगाता है, उसकी कीमत 15 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक होती है। यह हेलमेट राइडर बहुत मजबूत और हल्के होते हैं। इनमें खास तरह के ग्लास का प्रयोग होता है, जो धूल से बचाव करता है।

### बाइक की कीमत 4 से 5 करोड़

रजनी ने रेसिंग बाइक के बारे में बताते हुए कहा, इस्तेमाल की जाने वाली मोटो बाइक की कीमत 4 से 5 करोड़ रुपए तक होती है। यह बाइक केवल रेसिंग के लिए ही तैयार की जाती है। आपको इसका एक सिंगल पार्ट भी बाहर से नहीं मिल सकता। रेसिंग बाइक बनाने वाली कंपनी से सीधा संपर्क करना होता है। बाइक के इंजन ऑयल की बात करें, तो वो आम बाइक के ऑयल से बहुत अलग और कॉस्टली होता है। यह बाइक बाहर नहीं बिक सकती है।

### मोटो जीपी, मोटो 2 और मोटो 3 में यह है अंतर...

*रजनी ने कहा, तीनों में बहुत अंतर है। तीनों रेस में अलग-अलग बाइक से रेस होती है। बाइक की पावर के हिसाब से रेस की जाती है। मोटो जीपी में 1000 सीसी, मोटो 2765 सीसी और मोटो 3250 सीसी की बाइक के साथ राइडर रेसिंग ट्रैक पर उतरता है। रजनी कृष्णन ने बताया कि एक टॉप राइडर को करीब 100 करोड़ रुपए सालाना की सैलरी मिलती है। इसके अलावा चैंपियन को अलग-अलग जगह से भी स्पॉन्सर भी पैसे देते हैं। यह खेल अभी हमारे हिंदुस्तान में इतना प्रचलित नहीं है। लेकिन दुनिया के 20 देश में लगातार इस तरह की रेसिंग चलती रहती है और वहां पर लाखों लोग इस गेम को देखने के लिए आते हैं। जैसे हमारे भारत में क्रिकेट का खेल प्रसिद्ध है। इस तरह से दुनिया के कई देशों में बाइक रेसिंग के लोग दीवाने हैं।*

**फ्लैग के नियम**

- चेकदार फ्लैग इसे रेस खत्म होने पर लहराता है
- पीला झंडा आगे किसी तरह का खतरे का संकेत
- लाल झंडा : एक्सिडेंट होने पर
- नीला झंडा इसका अर्थ पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे राइडर को ओवरटेक करने की जगह देना।


ट्रेक पर राइडर्स का जलवा

### आयोजन से एनसीआर को मिलेगा 1000 करोड़ का कारोबार

**नोएडा।** दुनिया में टॉप 10 स्पोर्ट्स में शामिल मोटो जीपी रेस का ग्लोबल इफेक्ट्स के साथ दिल्ली.एनसीआर में इसका आर्थिक असर दिखने लगा है। फेयर स्ट्रीट सीओओ पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने बताया, दिल्ली. एनसीआर में मोटोजीपी 1000 करोड़ रुपए का कारोबार ला सकता है। इंडोनेशिया के लोम्बोक द्वीप में अपने पिछले मोटो जीपी के आयोजन से करीब 1700 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। साथ ही यहां अस्थायी रोजगार के अवसर भी पैदा होगा। साथ ही बड़ी संख्या में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल टूरिस्ट को आकर्षित कर रहा है। इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में 1.5 लाख के करीब लोग रेस देखने आएंगे। विदेशों से 10000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त, 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट बिक रहे हैं।

# लोनी में गिरा मकान, एक की मौत- सात घायल

- **पुलिस बोली-सिलेंडर में हुआ विस्फोट, स्थानीय लोगों ने बताया घर में बनाये जा रहे थे पटाखे**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


बचाव और राहत कार्य में लगी एनडीआरएफ की टीम

लोनी थाना क्षेत्र अंर्तगत रूप नगर औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले लोग उस समय सिहर उठे कि जब वहां पर स्थित एक मकान कर्णभेदी विस्फोट के बाद जमीदोज हो गया। उक्त घटना के बाद जहां मौके पर चीख-पुकार व अफातफरी का माहौल व्याप्त हो गया वहीं घनास्थल के पास धूल व धुंऐ का गुब्बार छा गया।

इस सनसनीखेज घटना की सूचना मिलते ही मौके पर डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव, एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय व एसओ लोनी प्रताप सिंह के अलावा प्रशासनिक अफसर भी पहुंचकर राहत कार्य में जुट गये। इसी बीच एनडीआरएफकी टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

पुलिस प्रशासन की टीम ने जिस समय जमीदोज हुए मकान के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिये रेस्क्यू शुरू किया तो उस समय पुलिस को पता चला कि मकान के मलबे में आधा दर्जन से अधिक लोग दबे हो सकते हैं। घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस प्रशासन की टीम ने स्थानीय लोगों की मद्द से मकान के मलबे के नीचे दबे सात लोगों को बाहर निकाल लिया।


सूत्रों के नुसार जिन लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया था उनमें से एक की मौत हो चुकी थी जबकि छह लोगों में से चार की हालत मरणासन्न बताई जा रही थी। उधर सूत्रों का कहना है कि इस घटना में कई लोगों की मौत हुई है लेकिन पुलिस अधिकारी केवल एक मौत होने की पुष्टी कर रहे थे।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना था कि जो मकान भारी विस्फोट के बाद धराशाही हुआ उसमें पटाखे बनाये जा रहे थे। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना था कि मकान सिलेंडर में हुए विस्फोट के बाद जमीदोज हुआ। पुलिस व प्रशासन की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू कर रही थी। अभी मकान के मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही थी। इस घटना के संदर्भ में जब डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव से पूछा गया तो उनका कहना था कि अभी तक मकान के मलबे के नीचे दबे आधा दर्जन से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। जिनमें से एक की मौत हुई है जबकि छह लोगों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। श्री यादव ने बताया कि मकान कैसे गिरा और विस्फोट कैसे हुआ आदि सवालों का उत्तर तो जांच के दौरान ही मिल पायेगा। श्री यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह पता चला है कि मकान में रखे सिलेंडर में विस्फोट हुआ था। जिसकी वजह से यह घटना हुई।

### गुमशुदा डॉग के पोस्टर हटाने पर विवाद

# सोसाइटी में महिला ने व्यक्ति का पकड़ा कॉलर धक्का देने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-75 स्थित एम्स गोल्फएवेन्यू सोसाइटी में एक महिला का डॉग खो गया। महिला ने उसके पोस्टर दीवार पर लगा दिए। इसी सोसाइटी में दीपावली को लेकर पेंटिंग का काम किया जा रहा है। पोस्टर लगने की वजह से पेंट खराब हो रहा था। इसका सोसाइटी के ही एक व्यक्ति ने विरोध किया।

इसके बाद महिला और युवक के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है कि महिला ने युवक को थप्पड़ मारने का प्रयास किया और उसके बाल खींचे। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

बताया गया कि ये वीडियो दो दिन पुराना है। पुलिस ने बताया, सोसाइटी में डॉग लवर महिला आर्शी सिंह का डॉग गुमशुदा हो गया था। उसकी तलाश के लिए उन्होंने सोसाइटी की दीवार पर पोस्टर लगा दिए थे। इसी पोस्टर को हटाए जाने को लेकर आर्शी सिंह और नवीन मिश्रा के बीच विवाद गहरा गया। नौबत यहां तक आ गई कि दोनों के बीच हाथपाई तक होने लगी।

नवीन मिश्रा ने बताया, सोसाइटी में दीपावली को लेकर रिपेयर और पेंट करने का काम चल रहा है। जिस वजह से पोस्टर लगाए जाने के कारण दीवारों में खरोंच और पेंट खराब हो रहा था। इसी कारण महिला गुस्से में थी। एम्स गोल्फएवेन्यू सोसाइटी कुत्ते को लेकर हुए विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो करीब 1 मिनट का है। वायरल वीडियो में एक महिला, व्यक्ति का कॉलर पकड़े नजर आ रही है। दोनों के बीच काफी बहस भी हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार


पकड़े गए आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में बताते पुलिस अधिकारी।

### बुजुर्ग महिलाओं को ठगने वाले चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा महिलाओं / बुजुगों को अपनी बातों में फसकर सम्मोहित कर धोखाधडी कर उनके आभूषण व नगदी ले जाने वाले गिरोह के 4 शातिर सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से सोने के आभूषण, नगदी, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिलें व अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों की पहचान आबिद, सैफ अली , खालिक और फुरकान के रूप में हुई है। आरोपियों ने उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ, इलाहाबाद, फतेहपुर, मिर्जापुर, बस्ती व बिहार, झारखण्ड, हरियाणा, मध्य प्रदेश तथा दिल्ली एनसीआर. व आस-पास के राज्यों में ठगी कर जेवर उतरवाने की कई वारदातों को अंजाम दिया गया है।

### लिफ्ट हादसा: घायल एक और मजदूर ने दम तोड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आम्रपाली ड्रीम वैली के निर्माणाधीन ग्रुप हाउसिंग परियोजना में 15 सितंबर को हुए लिफ्ट हादसे में गंभीर रूप से घायल एक और मजदूर की शुक्रवार देर रात मौत हो गई। इसके साथ ही हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्माणाधीन टावर की 14वीं मंजिल से सर्विस लिफ्ट 15 सितंबर को गिर गई थी। उस समय लिफ्ट में नौ मजदूर सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल हुए नौ लोगों में से अंतिम व्यक्ति मोहम्मद कैफ की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार देर रात करीब एक बजे मौत हो गई। वह मेरठ जिले का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चार अन्य ने गत शनिवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

### शत्रु संपत्ति: धरने को रालोद ने दिया समर्थन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी के निर्देश पर शामली विधायक परसन चौधरी और थाना भवन विधायक अशरफ अली के नेतृत्व में रालोद नेताओं ने शत्रु संपत्ति के विरोध में मोदीनगर तहसील पर चल रहे धरने को समर्थन दिया। धरने को समर्थन देते हुए रालोद नेताओं ने कहा कि लोग 44 दिनों से धरने पर बैठे हुए हैं। रालोद नेताओं ने धरने पर बैठे लोगों को आश्वासन दिया कि पार्टी उनकी लड़ाई में तन, मन और धन से साथ खड़ी है। नेताओं ने कहा कि कितने दुर्भाग्य की बात है कि 1800 बीघा जगह और एक लाख से ऊपर की आबादी पिछले पचास साल से वहां रह रही है। जिसने मकान और प्लॉट लेते समय सरकार को स्टांप ड्यूटी दी। सरकार ने इसे अब शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया।

### नाले में मिले गोवंश के अवशेष, हंगामा

गाजियाबाद। दिल्ली से गाजियाबाद की तरफ आ रहे नाले में शनिवार को गोवंश के अवशेष मिले हैं। इस पर हिन्दू संगठनों का गुस्सा भड़क गया। सैकड़ों लोगों ने नाले पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने गोवंश के अवशेष कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया, शनिवार दोपहर करीब 12 बजे थाना शालीमार गार्डन को सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली की तरफसे आने वाले नाले में गोवंशीय अवशेष मौजूद हैं। थाना शालीमार गार्डन पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

- **पुलिस ने मामले में मां व बेटी को किया गिरफ्तार**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस ने शुक्रवार को विदेश भेजने और एयरलाइंस कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाली मां-बेटी को गिरफ्तार किया। खुलासा हुआ कि बेटी ने किसी तरह बेरोजगारों का डेटा इकट्ठा करके सैकड़ों लोगों को ठगा।

ठगी के एक करोड़ रुपए से इस युवती ने सबसे पहले अपनी शादी की। फिर पति को तीन गाड़ियां खरीदवाई। बाकी बचे हुए रुपयों से अपनी मां का इलाज कराया।

ये युवती जब तक पुलिस के हाथ आई, तब तक उसके पास सिर्फ 50 हजार रुपए बचे थे। गाजियाबाद में वेव एग्जीक्यूटिव फ्लोर्स, वेव सिटी में रहने वाले अनिमेश प्रसाद ने 18 सितंबर को पुलिस से शिकायत की। अनिमेश के मुताबिक, इंडियन एयरलाइंस में जॉब के नाम पर उनसे करीब एक करोड़ रुपया ठगा गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और तुरंत 4 टीमें बनाकर जांच शुरू की। पुलिस ने इस केस में नेहा शर्मा और उसकी मां सुदेश देवी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ईस्ट दिल्ली में खिचड़ीपुर की रहने वाली हैं। पूछताछ में नेहा शर्मा ने बताया, साल-2020 में जॉब के लिए इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली के पास एक ऑफिस पर गई। इस ऑफिस में गुरमीत और विकास पटेल बैठते थे। मैंने उन्हें इंटरव्यू दिया। इंटरव्यू के बाद विकास ने मुझे मयूर विहार फेज.1 दिल्ली स्थित फ्लाई एविएशन नामक ऑफिस में जॉब पर रख लिया। मुझे बताया गया कि ये कंपनी लोगों को एयर इंडिया, एयरपोर्ट अथॉरिटी और विदेशों में नौकरी दिलाने का काम करती है। हर दिन कस्टमर को कॉल करने पर मुझे रोजाना 700 रुपए देने की बात कही गई। विकास ने मेरे मोबाइल नंबर को ऑनलाइन जोड़ दिया। इसके बाद डाटा उठाकर बेरोजगार लोगों को कॉल करनी शुरू कर दी। मैं खुद को क्विकर का अधिकारी बताकर जॉब फाइल की प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसा मांगने लगी। सलोनी अग्रवाल ने बताया अप्रैल-2021 में नेहा शर्मा की बातचीत अनिमेश प्रसाद से हुई। अनिमेश एयरलाइंस कंपनी में जॉब के लिए ट्राई कर रहे थे। नेहा ने पहली बार अनिमेश से कहा कि मैं इंडियन एयरलाइंस से बोल रही हूं। मैंने आपका प्रोफाइल चेक किया है। आप सलेक्ट हुए हैं। प्रोसेसिंग फीस के लिए आपको 2 हजार रुपए देने होंगे।

इसके बाद नेहा ने अनिमेश को इंटरव्यू के लिए दिल्ली बुलाया। उसको फर्जी जॉइनिंग लेटर भी थमा दिया। इस तरह नेहा ने अनिमेश को हनी ट्रैप में फंसा लिया। बकौल अनिमेश, उससे कुल 98 लाख रुपए ठगे गए।

### मेयर ने किया निरीक्षण, मिली गंदगी, कर्मचारी मिले गायब

**गाजियाबाद।** मेयर सुनीता दयाल ने वार्ड 58 और वार्ड 55 का निरीक्षण किया तो वहां गंदगी के ढेर मिले। जांच की तो पता चला कि वार्ड 58 स्थित पार्क में गंदगी मिली और वहां तैनात दस सफाई कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। विजयनगर स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर केन्द्र का निरीक्षण किया तो वहां खत्ता बंद मिला। वहां किसी भी तरह का कोई कार्य नहीं किया जा रहा था। मेयर इसके बाद मोहननगर जोन पहुंची। वहां कई जगह कुछ लोग प्राइवेट रिक्शा में कूड़ा डालकर ले जा रहे थे। जिससे जगह जगह गंदगी फैलाई जा रही थी। मेयर ने मौके पर ही सफाई इंस्पेक्टर को बुलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई स्थानों पर सड़क खराब मिली।

### घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश किया। विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा की पिटाई की और उसके कपड़े फाड़ डाले।

इस दौरान आरोपी का भाई बाहर खड़ा होकर निगरानी करता रहा। उसने ग्रामीणों को आता देख शोर मचा दिया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बताया कि बीते रात पीड़ित के परिजन काम से बाहर चले गए। जिस कारण घर पर छात्रा अकेली रह गई। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी युवक जबरन उनके घर में घुस गया।

# लिव-इन-पार्टनर की मौत प्रेमिका बोली- घरवालों ने मारा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर में लिव-इन पार्टनर के साथ डॉक्टर के पास इलाज कराने आए सर्राफ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे सर्राफ के घरवालों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने प्रेमिका पर सर्राफ को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

वहीं प्रेमिका ने सर्राफ के घरवालों पर सर्राफकी हत्या करने का आरोप लगाया। वहां काफी देर तक हंगामा चला। बताया जा रहा है कि सर्राफ धर्म परिवर्तन कर अपनी प्रेमिका के साथ रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। मामला शुक्रवार शाम का बताया जा रहा है।

नगर की कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी दीपक कुमार अपनी पत्नी पूनम व पुत्रों के साथ रहते थे। उनकी कस्बा निवाड़ी में ज्वैलरी की दुकान थी। वहीं पर उनकी मुलाकात एक महिला से हुई।

इसके बाद दीपक के इस महिला से प्रेम संबंध हो गए। वह तीन साल से इसी महिला के साथ मेरठ में लिव-इन में रह रहे थे।

# डूसू चुनाव में फिर मजबूत होकर उभरा एबीवीपी

## कोविड महामारी के कारण 2020 और 2021 में और 2022 में शैक्षणिक व्यवधान की आशंका के चलते नहीं हुए थे चुनाव

### ● अध्यक्ष पद के लिए हुई कांटे की टक्कर

**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पैनल के चार में से तीन पदों पर जीत हासिल कर एक बार फिर से मजबूती से उभरा है। इससे पहले एबीवीपी ने 2019 डूसू चुनाव में चार पदों में से तीन पर जीत दर्ज की थी। ज्ञात रहे कि डूसू चुनावों में हमेशा एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में तीन साल बाद हुए छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी और एनएसयूआई की प्रतिष्ठा दांव पर थी। दोनों से संबंधित केंद्रीय नेतृत्व ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी। वहीं डूसू अध्यक्ष पद को लेकर कांटे की टक्कर थी।

मतगणना में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के प्रत्याशी तुषार डेढ़ा ने लगातार बढ़त कायम रखते हुए जीत हासिल की। वहीं सचिव और संयुक्त सचिव के पदों पर एबीवीपी ने बढ़त बना रखी थी। हालांकि उपाध्यक्ष पद एनएसयूआई के प्रत्याशी के आगे एबीवीपी की एक न चली।

डूसू के केंद्रीय पैनल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं संयुक्त सचिव पदों पर शुक्रवार को चुनाव के लिए मतदान हुआ था, शनिवार को मतगणना हुई। चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के चुनाव नतीजे शनिवार को घोषित होते ही विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस में विजेता उम्मीदवारों के समर्थक छात्र जश्न में डूब गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की चार सीट में से तीन पर 27 चरण की गिनती के बाद जीत दर्ज की। एबीवीपी के तुषार डेढ़ा डूसू के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए, जिन्होंने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के हितेश गुलिया को हराया।



अध्यक्ष पद के विजेता तुषार डेढ़ा, सचिव अपराजिता और संयुक्त सचिव सचिन अपने समर्थकों के साथ।

कांग्रेस की छात्र इकाई के अभी दहिया ने डूसू के उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। एबीवीपी की अपराजिता और सचिन बैंसला क्रमश: सचिव और संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए हैं। एबीवीपी समर्थक एक दूसरे को बधाई देते, ढोल-ताशे की धुन पर नाचते और विजेताओं को अपने कंधों पर उठाकर जश्न मनाते हुए दिखे।

आरएसएस की छात्र इकाई के सदस्यों ने तीनों विजेताओं को फूलों की माला पहनाए और उनके चेहरे पर गुलाल लगाया। जैसे ही परिणाम घोषित हुए, मेट्रो स्टेशन से लेकर परिसर तक छात्रों ने हवा में गुब्बारे उड़ाए, नृत्य किया और विजेताओं पर फूलों की वर्षा की। दिल्ली विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में किसी अवांछित घटना को रोकने के लिए एहतियातन में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जश्न के दौरान आतिशबाजी करते एबीवीपी समर्थक छात्र।

### छात्रों के बीच छाये रहे ये मुद्दे...

*डूसू चुनाव में छात्रों के बीच फीस वृद्धि, किफायती आवास का अभाव, कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान सुरक्षा और मासिक धर्म अवकाश चुनाव में छात्रों के लिए मुख्य मुद्दे रहे।*

### 42 फीसदी हुआ मतदान

चुनाव के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बताया कि इस चुनाव में 42 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में करीब एक लाख छात्र मतदान करने के लिए पात्र थे। इससे पहले 2019 में हुए डूसू चुनाव में मतदान प्रतिशत 39.90 रहा था जबकि 2018 और 2017 में मतदान प्रतिशत क्रमश: 44.46 और 42.8 फीसदी रहा था। पैनल के लिए 52 कॉलेज और विभागों में चुनाव ईवीएम से हुए, जबकि कॉलेज संघ चुनावों के लिए मतदान कागजी मतपत्र पर हुआ।

### इन दलों ने उतारे थे प्रत्याशी

छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी, एनएसयूआई, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समर्थित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) से संबद्ध ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सभी चार पदों के लिए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। दिल्ली विश्वविद्यालय के अधिकतर कॉलेज और संकायों के लिए डूसू मुख्य प्रतिनिधि निकाय है। हर कॉलेज का अपना अलग छात्र संघ भी है, जिसके लिए हर साल चुनाव होता है।

## विजेताओं का परिचय

### अध्यक्ष, तुषार डेढ़ा

डूसू के अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के तुषार डेढ़ा एनएसयूआई के हितेश गुलिया को 3,115 मतों से हराया। डेढ़ा ने सत्यवती कॉलेज से स्नातक किया है और बौद्ध अध्ययन में परास्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। वह 2015 में एबीवीपी में शामिल हुए थे। उन्होंने 2016 में सत्यवती कॉलेज में कॉलेज सांस्कृतिक समन्वयक के चुनाव में भी जीत दर्ज की थी।

### उपाध्यक्ष, अभी दहिया

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के अभी दहिया ने डूसू के उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। वह इस समय बौद्ध अध्ययन में परास्नातक कर रहे हैं। दहिया को 22,331 मत मिले और उन्होंने एबीवीपी के सुशांत धनखड़ को 1,829 मतों से हराया।

### सचिव, अपराजिता

एबीवीपी की अपराजिता सचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। अपराजिता ने एनएसयूआई की यक्षना शर्मा को 12,937 मतों से मात दी। अपराजिता जौनपुर की रहने वाली हैं और दयाल सिंह कॉलेज से बीए इतिहास किया है। वह वर्तमान में बौद्ध अध्ययन में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई कर रही हैं।

### संयुक्त सचिव, सचिन

कांग्रेस की छात्र इकाई के प्रत्याशी शुभम कुमार चौधरी को 9,995 मतों से हराया। संयुक्त सचिव पद के लिए निर्वाचित सचिन बैसला ने रामानुजन कॉलेज से स्नातक की है। वह भी बौद्ध अध्ययन में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे हैं।

# राम राज्य में सबके लिए हो बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य : सीएम केजरीवाल

### ● मुख्यमंत्री ने किया अरुणा आसफ अली अस्पताल की नई ओपीडी इमारत का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



स्वास्थ्य मंत्री सौरभ के साथ अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर कोई राम राज्य की कल्पना करता है तो उसमें सभी को बेहतर और नि:शुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए।

केजरीवाल ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए तथा आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार इस दिशा में काम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दिल्ली में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के लिए एक प्रमुख विस्तार योजना की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के तहत आने वाले अरुणा आसफ अली अस्पताल की नई ओपीडी (बाह्य रोग विभाग) इमारत का उद्घाटन किया और वहां मरीजों से बातचीत भी की।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इन दोनों ही क्षेत्रों में सुविधाओं का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में अभी करीब 10,000 बिस्तर हैं। उन्होंने कहा कि 11 नए अस्पताल बनाए जा रहे हैं और पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में 16,000 और बिस्तर उपलब्ध कराए जाएंगे।

आगामी दशहरा और दीपावली उत्सव के बारे में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, हम भगवान राम की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा, राम राज्य की बात की जा रही है। मैं कह नहीं सकता कि हम राम राज्य के करीब पहुंच सकते हैं। लेकिन अगर हम राम राज्य की कल्पना करते हैं तो उसमें सभी को बेहतर और नि:शुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं सभी को उपलब्ध होनी चाहिए भले ही वे अमीर हो या गरीब और हमारी सरकार उस दिशा में काम करने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह साहनी और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। केजरीवाल ने कहा कि नए अस्पतालों का निर्माण और मौजूदा अस्पतालों में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने से दिल्ली की स्वास्थ्य प्रणाली अंतरराष्ट्रीय मानकों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानदंडों के अनुरूप हो जाएगी।

दिल्ली सरकार ने अरुणा आसफ अली अस्पताल में भू-तल के अलावा तीन मंजिला नए ओपीडी ब्लॉक के निर्माण पर लगभग 22.8 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक ब्लॉक में 25 परामर्श कक्ष, दो लिफ्ट और दो सीढ़ियां हैं।

इस निर्माण को पूरा करने में लगभग एक साल का समय लगा। पुराने ब्लॉक में आवश्यक जगह और अन्य सुविधाओं का अभाव था। नया ब्लॉक विशाल, केंद्रीय रूप से वातानुकूलित है, जिसमें विशेषज्ञों के लिए कमरे उपलब्ध हैं।

## ग्रेटर कैलाश में खुद को गोली मारने वाले युवक की मौत

**नई दिल्ली।** ग्रेटर कैलाश इलाके में कथित तौर पर अपने निजी सुरक्षा अधिकारी के हथियार से कुछ दिन पहले खुद को गोली मारने वाले 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने बताया कि संबंधित युवक राजनीतिक रूप से सक्रिय था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि बुधवार को सूचना मिली कि ग्रेटर कैलाश-1 निवासी करण बंका अपने स्नानघर में फिसल गए और उनके सिर में चोट लग गई जिन्हें साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि युवक को गोली लगी है। उन्होंने कहा कि युवक ने स्नानघर में खुद को गोली मार ली। चौधरी ने बताया कि बंका के पिता ने उन्हें स्नानघर में पड़ा देखा।

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, दिन में छाया अंधेरा

### ● दिलशाद गार्डन मे स्कूल की दीवार गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में शनिवार दोपहर काले घने बादल के छाने और तेज हवाओं के चलने से एक बार के लिए लगा कि मानो रात हो गई। उसके बाद तेज आंधी के बाद शुरू हुई बारिश ने जहां उमस से राहत दिलाई वहीं कई जगहों पर मुसीबत भी लेकर आई। तेज आंधी से कई इलाकों में पेड़ गिर गए और बारिश होने से कई इलाकों में जलभराव होने से यातायात प्रभावित हुआ। तेज आंधी व मूसलाधार बारिश से पूर्वी दिल्ली के दिलशाद गार्डन इलाके में शनिवार को बारिश के दौरान एक स्कूल की दीवार गिरने से करीब 11 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

शाहदरा के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि मुखर्जी स्कूल की पिछली दीवार के साथ रेलिंग और कुछ पेड़ भी गिर गए। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मीणा ने कहा, इसके अलावा पेड़ गिरने की अन्य घटनाएं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पश्चिमी शालीमार बाग, शालीमार बाग में ब्लॉक बीएफ और उत्तरी दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में गुजरांवाला टाउन में दर्ज की गईं।

एमसीडी के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में कंझावला रोड पर टाटा पावर लिमिटेड कार्यालय के पास जलभराव की सूचना मिली थी। बारिश के कारण दिल्ली-गुड़गांव सीमा सहित राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित हुआ। दिल्ली की यातायात पुलिस ने एक्स पर लिखा, पारस फ्लाईओवर के पास एक पेड़ गिरने के कारण भैरों मंदिर से सावित्री फ्लाईओवर की ओर जाने वाले कैरिजवे में बाहरी रिंग रोड पर यातायात प्रभावित है। कृपया इस मार्ग से बचें। यातायात पुलिस ने एक अन्य पोस्ट में कहा, आश्रम से बदरपुर की ओर मथुरा रोड पर आली गांव के पास जलभराव के कारण यातायात प्रभावित है। मोदी मिल से लेकर चिराग दिल्ली फ्लाईओवर, आनंद विहार-दिलशाद गार्डन खंड, भारत नगर, किर्बी प्लेस से नांगल राय फ्लाईओवर, बवाना रोड, प्रोफेसर जोगिंदर सिंह मार्ग टी-प्वाइंट के पास, जनकपुरी से आंध्रा स्कूल तक भारी यातायात जाम हो गया।

# आईफोन-15 की खरीद को लेकर चले लात घूंसे

### ● समय पर डिलीवरी नहीं होने पर खरीदार और स्टोर के बीच बढ़ा विवाद, मामले में दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के रूप नगर इलाके में आईफोन की डिलीवरी में देरी को लेकर एक इलेक्ट्रॉनिक स्टोर के कर्मचारी को कथित रूप से पीटने के आरोप में लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार को रूप नगर बंग्लो मार्ग पर स्थित क्रोमा स्टोर में हुई। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल प्राप्त होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां उसे कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि दो आरोपियों जसकिरत सिंह और मनदीप सिंह ने क्रोमा सेंटर पर आईफोन 15 बुक कराया था। कलसी ने बताया कि आईफोन की आपूर्ति की संभावित तिथि शुक्रवार की थी, जिसे पूरा करने में स्टोर विफल रहा, जिसके बाद दोनों का कर्मचारी से झगड़ा हो गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें दो लोग शोरूम के अंदर कर्मचारियों को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि घटना के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107/151 के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार



मातृ एवं बाल स्वास्थ्य पर आयोजित सम्मेलन में हरियाणा के राज्यपाल के बंडारू दत्तात्रेय व अन्य।

### जागरूकता से समाप्त होगी एनिमिया : बंडारू दत्तात्रेय

**नई दिल्ली।** एनीमिया (खून की कमी) और कुपोषण से निपटने को लेकर राजधानी में सुकार्य संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शनिवार को हरियाणा के राज्यपाल माननीय बंडारू दत्तात्रेय ने कहा, गरीबों, गांवों, मलिन बस्तियों के लोगों को जागरूक करने से एनीमिया को समाप्त किया जा सकता है। सरकार के लगातार प्रयासों के बावजूद, एनएचएफएस-5 के अनुसार, 5 वर्ष से कम आयु के 67.1 फीसदी बच्चे अभी भी एनीमिया से जूझ रहे हैं और 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच 57 फीसदी महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। सम्मेलन को रोली सिंह, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, डॉ. ज़ोया अली रिज़वी, उपायुक्त, पोषण प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नीति आयोग के मिशन लाइफ के निदेशक युगल किशोर जोशी, सुकार्य की संस्थापक, अध्यक्ष मीरा सतपथी समेत स्वास्थ्य विशेषज्ञ और शोधकर्ता आदि ने संबोधित किया।

### डुटा चुनाव में अंतरात्मा की आवाज पर वोट दें : इंटेक



**नई दिल्ली।** डुटा चुनाव में दिल्ली 2023 का डुटा चुनाव अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है। इंटेक (आई) ने शिक्षकों के हित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर अपने विचार को शिक्षकों से साझा किया है। इंटेक (आई) अध्यक्ष अश्विनी शंकर ने ने डुटा अध्यक्ष के चुनाव से सम्बंधित सभी विषयों पर स्पष्ट रूप से अपने विचार शिक्षकों के समक्ष रखा। उन्होंने अध्यक्ष पद कि उम्मीदवारी पर अपनी अंतरात्मा कि आवाज पर वोट देने की अपील करते हुए उम्मीदवार डॉ सुधांशु कुमार को विजयी बनाने की अपील की।

# सपनों को पूरा करने विश्वकप में उतरेंगे झुग्गियों के लाल

## स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट

## गरीबी, बदहाली और किस्मत को चुनौती देकर मुकाम पाने की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली की भीड़भाड़ वाली सड़कों और इसकी बदहाल झुग्गियों में युवाओं का एक समूह आगामी स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।

राजधानी की सानिया, श्रवण, जन्नत, संध्या, फरजाना और करण ऐसे खिलाड़ी है जो गरीबी, बदहाली और किस्मत को चुनौती देकर स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में अपनी यात्रा शुरू करने को तैयार है। स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड द्वारा आयोजित आगामी स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप का आयोजन चेन्नई में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से ठीक पहले 23 से 30 सितंबर तक होगा। यह अनोखा टूर्नामेंट सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है, यह दुनिया भर में झुग्गियों में रहने वाले बच्चों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के बारे में है। जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने का मौका मिल सके। इस टूर्नामेंट का दूसरा आयोजन इस लिए भी खास है क्योंकि इसमें 17 देशों के लड़कों के साथ लड़कियों की टीम भी भाग ले रही है, जिसमें भारत, इंग्लैंड, बुरुंडी, हंगरी, मॉरीशस, बांग्लादेश, नेपाल, रवांडा, मैक्सिको, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमों शामिल है। भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल 15 साल की जन्नत के पिता दिहाड़ी मजदूर है जबकि मां दूसरों के घरों में काम करती है। चौदह साल की सानिया नेहरू कैंप में रहती है तो वहीं 15 साल के श्रवण बिहार के मधुबनी जिले के है।

श्रवण को एक एनजीओ (गैर सरकारी संस्थान) के लोगों ने पार्क में क्रिकेट खेलते देखा था। कूड़ा उठाने वाले की बेटी संध्या की उम्र महज 13 साल है और वह दिल्ली के शिवाजी पार्क में रहती है। बदहाली के बावजूद यह खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते है।

जन्नत ने कहा, मेरी सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा इस टूर्नामेंट में जीत हासिल करना है। हम सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे हैं, बल्कि अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। क्रिकेट से परे, मेरा ध्यान सकारात्मक प्रभाव डालने पर है। सानिया ने कहा, मैं वैश्विक स्तर पर देश के प्रतिनिधित्व की तैयारी कर रही हूं।

## एलजी ने सीबीआई के लिए एसएसपी नियुक्ति में देरी का लिया संज्ञान

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सीबीआई के लिए विशेष लोक अभियोजकों (एसपीपी) की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी करने में दिल्ली सरकार की तरफ से की गई देरी को गंभीरता से लिया है। इसके परिणामस्वरूप पिछले नौ महीनों से राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न विशेष अदालतों में पॉक्सो मामलों की सुनवाई रुकी हुई है।

एलजी की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि मामले संवेदनशील प्रकृति के हैं और कानून के अनुसार इन मामलों में मुकदमा अपराध के संज्ञान की तारीख से एक वर्ष के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।

इस संबंध में फाइल इस साल जनवरी से दिल्ली के गृह विभाग के मंत्री के पास लंबित थी।

